ननु, व्य. प्रश्न, वाक्यारम्भ, अवधारण, स्वीकार, सम्मति, आक्षेप, प्रत्युक्ति, अनुज्ञा, अनुभव, आमन्त्रण, सन्देह, सम्भावण, विरोध आदि का बोधक अव्यय ।
नन्द, पु. कृष्ण-पिता, नृपविशेष, कुबेरकी निधिविशेष, (पु. स्त्री.) (न्दी) आनन्द, पुरवि०, इन्द्रका उपवन ।
नन्दक, पु. विष्णुका खड्ग, मेंडक, (त्रि.) हर्षल, कुलपालक कृष्णपिता (त्रि) आनन्दजनक ।
नन्दकिन्, पु. विष्णु ।
नन्दथु, पु. आनन्द । खुशी ।
नन्दन, पु. पुत्र, न. इन्द्रका बाग़ ।
नन्द-नन्दन, पु. नन्दका पुत्र, कृष्ण ।
नन्दा, स्त्री. ननद, दुर्गा, पड़वा, षष्ठी, एकादशी यह तीन तिथियें, (नन्दी) इन्द्रका बाग़ ।
नन्दि, पु. न. आनन्द, दूताह्वि०, (पु.) नन्दीगण, जमाई मित्र, (त्रि.) सुख-दाता । [न्दिगण
नन्दिकेश्वर, पु. शिवजीका प्रधान अनुचर । न-
नन्दिघोष, पु. अर्जुनका रथ । [हुआ । खुश ।
नन्दित, त्रि. आनन्दित, तोषित । खुश किया
नन्दिन्, पु. शिवजीका प्रधान गण, (स्त्री.) (नी) दुर्गा, गंगा, अयोध्या, वशिष्ठकी गाय, कोशकार व्याडीकी माता । [नन्द बढ़ानेवाला ।
नन्दि-वर्धन, पु. शिव, पुत्र, पश्चात्त (त्रि.) आ-
नन्दीश, पु. शिव, नन्दिकेश्वर । नंदीगण ।
नन्द्या-वर्त, पु. गृहविशेष, मत्स्यविशेष ।
नपुंसक, पु. न. क्लीव; हिजड़ा ।
नप्तृ, पु. पोता, दोहता (स्त्री.) पोती, दोहती ।
नभ, पु. श्रावणमास, न. आकाश ।
नभःसद्, पु. देवता ।
नभश्चर, पु. पक्षी, वायु, मेघ, सूर्य आदि ग्रह, राक्षस, विद्याधर आदि । त्रि. आकाशमें फिरने वाला ।
नभस्, न. गगन । आसमान् ।
नभसङ्गम, पु. स्त्री. पक्षी । परिन्द ।
नभस्य, पु. भाद्रमास; भादों महीना ।
नभस्वत्, पु. वायु । हवा । [वाला ।
नभोग, पु. देवता, मेघ (त्रि) आकाशमें जाने-
नभो-मणि, पु. सूर्य । आफ़ताब ।
नभो(रजस्), रेणु, न. पु. कुज्झटिका, अन्धकार; कोहर, अंधेरा ।
नमन, न. नत होना; झुकना । [सजदहकेलायक ।
नमनीय, त्रि. नमनेके योग्य । झुकनेके योग्य ।
नमस्, व्य. नमस्कार । सजदा ।
नमस्कार, पु. प्रणाम । सजदा ।
नमस्कृत, त्रि. अभिवादित; प्रणाम किया गया । सजदह किया हुआ ।
नमस्य, त्रि. प्रणम्य, पूजनीय । सलामके लायक, (स्त्री.) (स्या) पूजा, नमस्कार । सजदह ।
नमित, त्रि. वक्रीकृत; झुकायाहुआ । ज़ेर किया-हुआ ।
नमुचि, पु. दैत्यविशेष, कामदेव ।
नमुचि-द्विष्
नमुचि-सूदन, } पु. इन्द्र, शिव ।

नमेरु, पु. रुद्राक्ष । पुन्नाग वृक्ष ।
नम्य, त्रि. नमनीय; झुकनेलायक ।
नम्र, त्रि. प्रणत, विनीत । झुकाहुआ, सुत हम्मिल।
नम्रता, स्त्री. नति, विनय । हलीमी, सजदा ।
नय, पु. नीति । इख़लाक । [गवाना ।
नयन, न. नेत्र, प्रापण, यापन । आंख, हसूल,
नय-विद्, त्रि. नीतिशास्त्रज्ञ । इलम इख़लाकका जाननेवाला ।
नर, पु. पुरुष, ऋषिवि०, अर्जुन, विष्णु, परमात्मा ।
नर-क, पु. दुःख भोगनेका स्थान, दैन्य, नर । दोज़ख़ ।
नरक-जित् } पु. दैत्यारि, विष्णु भगवान् ।
नरका-न्तक, }
नर-देव, पु. ब्राह्मण । राजा ।
नर-नारायण, पु. द्वि. बदरिकाश्रममें दो ऋषि ।
नर-पति, पु. राजा । पादशाह ।
नर-पुङ्गव, पु. नर-श्रेष्ठ; नरोंमे उत्तम ।
नर-मेध, पु. मनुष्यमांससे यज्ञ । [नर उठातेहैं ।
नर वाहन, पु. कुबेर (न.) पालकी-सवारी, जिसे
नर-सिंह } पु. नृसिंह अवतार । नरोंमें वहा-
नर-हरि, } दुर ।
नरा-ङ्कित, नरेङ्कित, पु. न्यायविशेष ।
नरेन्द्र, पु. राजा, विप झाड़नेवाला ।
नरोत्तम, पु. नारायण । मनुष्योंमें श्रेष्ठ । [वाला ।
नर्तक, पु. नट. स्त्री. (की) नटनी (त्रि.) नाचने-
नर्तन, न. नृत्य; नाच ।
नर्तित, त्रि. नाचा (न) नाच ।
नर्दटक, न. १९ अक्षर छन्दोविशेष ।
नर्दित, त्रि. शब्दित, स्तुत (न) शब्दकरण । आवाज़ त अरीफ़ कियाहु०, बोलना ।
नर्दिन्, त्रि. तअरीफ़ करनेवाला, बोलनेवाला ।
नर्मठ, त्रि. क्रीड़ामे लगाहुआ (पु.) आप्तयश ।
नर्मद, त्रि. मखौलिया, ठट्ठेबाज़ (दा) रेवा नदी ।
नर्मन्, न. परिहास; ठट्ठा, मस्ख़री । [साथी ।
नर्म-सचिव, पु. क्रीड़ा सहचर । ठट्ठे मस्ख़रीमें
नल, पु. काना, तीर, निषध देश कोराजा, एक ख़ास वानर, पितरोंका लोकवि०, दैत्यवि०, (न) पद्मपुष्प ।
नलक, न. नड़, सुराख़दार हड्डी ।
नलकिनी, स्त्री. जानु-संधि; घुटनेका जोड़ ।
नलकूवर, पु. द्वि. कुबेरके पुत्र ।
नलद, न. उशीर, पुष्प-रस, (त्रि.) नल दाता । रस, फूलोंका रस ।
नलिका } स्त्री. नट, तृण, नाड़ी, सुगन्धि-द्रव्य-
नली, } विशेष ।
नलित, पु. स्त्री. एक प्रकारका साग ।
नलिन, न. पद्म, जल, (नी) पद्मिनी, स्वर्णदी । कौल फूल, पाती, नीलोफर, अकाश गंगा ।
नल्व, पु. ८०० आठसौ हाथ परिमाण ।
नव, त्रि. नूतन, (पु.) स्तुति । नया, नौ, तअरीफ़ ।
नव-ग्रह, पु. बहु० सूर्य आदि नौ । सूर्य, चन्द्र, भौम, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु ।
नवति, स्त्री. ९०नब्बे संख्या ।
नव-दुर्गा, स्त्री. १ पार्वती, २ ब्रह्मचारिणी, ३ चन्द्रघण्टा, ४ कूष्मांडा, ५ स्कन्धमाता, ६ कात्यायनी, ७ कालरात्रि, ८ महागौरी, ९ औरसिद्धिदा।
नव-द्वार, न. दो कान, दो आंख, दो नासा, मुख, गुद, लिंग ।
नवधा, व्य. नौ प्रकारसे । नौ तरहसे ।
नवन्, त्रि. ९ नौ संख्या ।
नवनीत, पु. न. ताज़ा माखन ।
नव-पत्रिका, स्त्री. १ कदली, २ दाडिमी, ३ धान्य, ४ हरिद्रा, मान, कचु, विल्व, अशोक, जटन्ती यह नव पत्रवाली स्त्री मूर्ति ।
नव-मी, पु. नावां, स्त्री. (मी) ९ नौमी तिथि ।
नव-मल्लिका } स्त्री. पुष्पविशेष, लताविशेष ।
नव-मालिका, }
नव-वधू, स्त्री. नयी व्याही स्त्री ।
नव-रत्न, न. मुक्ता, माणिक्य, वैडूर्य, गोमेद, वज्र, विद्रुम, पद्मराग, मरकत, नीलकान्त यह नव । विक्रमादित्यकी सभाके ९ पण्डित । १ धन्वन्तरि, २ क्षपणक, ३ अमरसिंह, ४ शङ्कु, ५ वेतालभट्ट, ६ घटखर्पर, ७ कालिदास, और ८ वराहमिहिर । [९ मी, तक तिथियें ।
नव-रात्र, न. आश्विन शुक्लपक्षकी पड़वासे लेकर
नवशस्, व्य. नौ २ करके ।
नव-शायक, पु. १ गोप, २ माली, ३ तेली, ४ तांती, ५ मोदक, ६ वारुनी, ७ कलाल, ८ कुलाल, ९ कुम्हार और नाई यह नौ जातियें ।

नवान्न, न. नया अन्न ।

नवाम्बिका, स्त्री. १ ब्रह्माणी, २ माहेश्वी, ३ कौमारी, ४ वैष्णवी, ५ वाराही, ६ नारसिंही, ७ माहेन्द्री, ८ चण्डिका और ९ महालक्ष्मी भगवतीकी यह नौ मूर्तियें ।

नवीन, त्रि. नूतन; नया ।

नवोढा, स्त्री. नई व्याही स्त्री ।

नव्य, त्रि. नवीन; नया ।

नश्वर, त्रि. नाश होनेवाला, अनित्य । फानी ।

नष्ट, त्रि. गयाआया, छिपाहुआ, भागाहु०, दोषवाला मराहु०, दुष्ट, (स्त्री.) (ष्टा) छिनाल औरत ।

नष्ट-चन्द्र, पु. चौथका चांद ।

नष्टेन्दु-कला, स्त्री. कुहू; अमावस ।

नस्(सा), स्त्री. नाक; नास ।

नस्य, न. नसवार, घोड़े आदिके नाककी रस्सी ।

नस्योत, पु. नाकमें नथेले हुए पशु । [रस्सी ।

नहन, न. बन्धन, बन्धनरज्जु । बान्धना, बांधनेकी

नहि, व्य. ना ।

नहुष, पु. सर्पविशेष; ययाति राजाका पिता ।

नाक, पु. स्वर्ग, आकाश ।

नाकम् } पु. स्वर्ग; देवता ।
नाकिम् }

नाकु, पु. मुनिविशेष । बाल्मीक, पर्वत ।

नाग, पु. सर्प, हाथी, मेघ, नागदन्त, पुन्नागवृक्ष, नागकेशरवृक्ष, मुस्तक, देहस्थ वायुविशेष, (न) सीसक, रांगा, करणवि०, स्त्री (गी) सांपनी, हथिनी, मोटी स्त्री ।

नाग-केशर, पु. पुष्पवृक्षनिशेष ।

नाग-दन्त } पु. हाथीदान्त; खूंटी, कीली ।
नाग-निर्व्यूह }

नाग-पाश, पु. कुबेरका अस्त्र, एक तरहकी गांठ ।

नाग-पुर, न. नगरविशेष, हस्तिनापुर, पाताल ।

नागर, त्रि. नगरका, चतुर (न) देवनागर अक्षर ।

नागरक, पु. चौर । दुज़द ।

नाग-रङ्ग, पु. लेंबू । नारंगी ।

नाग-राज, पु. अनन्तदेव, ऐरावत ।

नाग-लोक, पाताळ । ६ ठा, पताल ।

नाग-वल्लरी, } स्त्री. पानकी जड़ ।
नाग-वल्ली, }

नाग-सम्भव, न. सिन्दूर ।

नागा-धिप, पु. ऐरावत (स्त्री.) (पा) मनसा देवी ।

नागा-शन, }
नागा-न्तक, } पु. गरुड़ । पंछियोंका राजा ।
नागा-रति, }

नागाह्व(य), न. हस्तिनापुर । नगर ।

नाचि-केतु(तस्), पु. आग, मुनिविशेष ।

नाट, पु. नृत्य; नाच ।

नाटक, न. दृश्य-काव्य, अभिनयग्रंथ, (त्रि.) नर्तक, पु. पर्वतविशेष (स्त्री.) इन्द्र-सभा ।

नाटार }
नाटेर } पु. नटीका पुत्र ।
नाटैर, }

नाटिका, स्त्री. क्षुद्र नाटक ग्रन्थविशेष ।

नाडि(डी)न्धम, पु. स्वर्णकार, नाड़ीमें शब्दकारी, सुनार ।

नाडी-चक्र, न. नाभि स्थ नाड़ी मूल । नाफ़मे गाड़ीयों का चक्र । इडाच पिंगला चैव सुषुम्ना परमामता । गान्धारी हस्तिजिह्वा च पूषा च सुयशा तथा । अलम्बुषा कुहूश्चैव, शांखिनी दशमी मता । लोलजिव्हेभजिव्हा च विजया कामदापरा । अमृता बहुला नाम नाड्यो वायुसमीरिताः । यह १६

नाड़ी-चङ्घ, पु. कौआ, बगुला, एक मुनिका नाम ।

नाणक, न. मुद्रा मोहर आदि । वेदी वंशमें एक धर्मप्रचारक क्षत्रिय ।

नाथ, पु. स्वामी, प्रभु, नाथमें पिरोई हुई रस्सी ।

नाथन, न. प्रार्थना; मांगना ।

नाथ-वत्, त्रि. पराधीन । न आज़ाद ।

नाथ-हरि, पु. पशु । हैवान् ।

नाद, पु. ध्वनि । आवाज़ ।

नादिन्, त्रि. शब्दायमान; बोलताहुआ ।

नादेय, त्रि. नदीजात (न) सेंधानिमक ।

नाना, व्य. कई तरहसे ।

नानार्थ, त्रि. अनेकार्थ; बहुमाअनी कलाम ।

नाना-विध, त्रि. नानाप्रकार; कई तरहका ।

नान्तरीयक, त्रि. व्याप्त, अवश्य भावी । होनहार ।

नान्दी, स्त्री. समृद्धि, अभ्युदय, नाटकके आरम्भमें कर्तव्य मङ्गल पाठ ।

नान्दी-मुख, त्रि. वृद्धिश्राद्धके भोक्ता माता पिता

आदि (न) श्राद्धविशेष (स्त्री.) (खी) १८ अक्षरोंके चरणवाला एक छन्द ।

नापित, पु. जातिविशेष; नाई ।

नाभि, पु. प्रधान, क्षत्रिय, सम्राट् चक्रके मध्यकी लकडी स्त्री. (भि भी) कस्तूरी (पु. न) नाफ़ ।

नाभि ज(जन्मन्), पु. ब्रह्मा ।

नाम, व्य. सम्भावना, वितर्क, निश्चय, विस्मय, स्मरण, स्वीकार, अलीक, कोप, निन्दा, प्रसिद्धि-इन् अर्थोंका बोधक ।

नाम-करण, न. संस्कारविशेष । सूतकके अन्त-दिन शास्त्ररीतिसे बालकका नाम रखना ।

नामधेय, नामन्, न. आख्या, वाचक शब्द । इसम ।

नाम-शेष, पु. मृत्यु (त्रि) मृत । मौत, मरा हुआ ।

नामाऽभिहार, पु. नामान्तर । नाम बदलना ।

नाय, पु. नीति । इख़लाक ।

नायक, पु. ग्रन्थमें वर्णनीय पुरुष । धीरोदात्त, धीरप्रशान्त, धीरललित, और धीरोद्धत ।

नायिका, स्त्री. ग्रंथमें प्रधान वर्णन करनेके योग्य स्त्री, प्यारवाली स्त्री, देवीविशेष ।

नार, पु. वत्स, (न) नरसमूह (त्रि.) बच्चा, प्यारा, आदमियोंका मजमह ।

नारक, पु. नरक (त्रि) नरकका ।

नारकिन्, त्रि. नरक भोगनेवाला ।

नारङ्ग, पु. नारंगी, लेंमू, पिप्पलीका रस ।

नारद, पु. देवर्षि (न) उपपुराणविशेष ।

नारदीय, न. पुराणविशेष । १८ में से एक ।

नाराच, पु. लोहेका बाण; तीर ।

नारायण, पु. विष्णु (स्त्री) (णी) लक्ष्मी, दुर्गा, गंगा ।

नारायण-क्षेत्र, न. गंगाके प्रवाहसे आठ हाथ दूरका तीर्थ ।

नारि(री)केल, नालि-केर(ल), पु. प्रसिद्ध वृक्ष (न) उसका फल। नारियलका पेड़, नरियेल ।

नाल, न. नाड़ (ला) शिरा, डंडी । कमलकी डंडी ।

नालीक, पु. तीर, शस्त्र, अंग, (न) पद्मसमूह ।

नाली-व्रण, पु. नाली का खोल ।

नाविक, पु. कर्णधार (त्रि) नाओ का । मल्लाह ।

नाव्य, त्रि. नाओद्वारा तरणीय (न) नयापन ।

नाश, पु. ध्वंस, पलायन, अदर्शन । तबाही, भागना, छुपण ।

नाशक, त्रि. नाशकारी । तबाह करनेवाला ।

नाशन, न. तबाह करना ।

नाशिन्, त्रि. नाश करनेवाला । तबाह करनेवाला ।

नाष्टिक, त्रि. नष्ट द्रव्यका स्वामी, गई वस्तु का मालिक ।

नासत्य, पु. द्वि. अश्विनीकुमारद्वय ।

नासा, स्त्री. ज्ञानेन्द्रिय; नाक ।

नासा-दारु, न. दरवाज़ेके ऊपरकी लकड़ी ।

नासिक्य, न. नाससे उत्पन्न, (द्वि) अश्विनीके दो कुमार, सूर्यके तेजको न सह सकती हुई "सञ्ज्ञा" उत्तर कुरु देशोंमें घोड़ीकी सूरत बन जब तपकर रहीथी, सूर्य देवता घोड़ा बन उ-सके पास आया, परन्तु अश्विनीने सूर्यके वी-र्यको नासाओंसे निकाल दिया, जिससे दो बालक उत्पन्न हुए ।

नास्ति, व्य. अविद्यमानता; नहिं है । नामौजूद ।

नास्तिक, पु. पाखण्डी; नरक स्वर्ग और ईश्वरके नमाननेवाला । चार्वाक वग़ैरह, मुलहिद ।

नास्तिकता, नास्तिक्य, स्त्री. न. मिथ्यादृष्टि । मुलहिदपन ।

नाह, पु. बन्धन; रस्सी ।

नि, व्य. विशेष, भृश, निरन्तर, नित्य, संशय, कौशल, लोभ, उपराम, सामीप्य, आदर, अन्त-र्धान, मोक्ष, विश्वास, निश्चय, निषेध इत्यादि अर्थोंका बोधक अव्यय ।

निःशङ्क, त्रि. निर्णय । बेख़ौफ़ ।

निःशेष, त्रि. अखिल । तमाम ।

निःश्रयणी, निःश्रेणी(णि), स्त्री. बांसकी पौड़ी । लकड़ीकी सीढ़ी ।

निःश्रेयस्, न. मोक्ष, शुभ, विद्या, भक्ति (पु) शङ्कर । नजात, भलाई, इल्म, इबादत ।

निःश्वसन, न. निश्वास; सांसलेना । सांस, दम ।

निःश्वास, पु. मुख नासिकासे निकली हुई वायु ।

निःसङ्ग, त्रि. सङ्गरहित । तनहा ।

निःसंज्ञ, त्रि. अचेतन । बेहोश ।

निःसत्व, त्रि. बलशून्य । कमज़ोर, बेहौसला ।

निःसंपात, पु. जिस समय जाना आना न हो सके ।

निःसरण, न. निकलना, मौत, दरवाज़ा ।

निःसह, त्रि. जो सह न सके ।

निःसार, त्रि. सारहीन (पु) निकलनेका रास्ता ।
निःसारण, न. निर्वासन; निकालना ।
निःसारित, त्रि. बहिष्कृत; बाहर निकाला हुआ ।
निःसृत, त्रि. निकसा हुआ । [चश्मा ।
निःस्र(स्रा)व, पु. क्षरण; बह जाना, सोत,
निःस्व, त्रि. निर्द्धन, दरिद्र । मुफ़लिस ।
निकट, न. समीप । नज़दीक ।
निकर, पु. समूह, सार, वित्त, निधि । मजमह, खुलासा, दौलत "निधि" देखो ।
निकाम, पु. मरज़ी माफ़िक, ज्यादहतर, रुहकुदस ।
निकाय, पु. लक्ष्य, समूह, गृह, समान धर्म प्राणि-समूह, परब्रह्म । नशाना, घर, एक धर्मियोंका मजमह ।
निकाय्य, न. निवास-गृह; रहनेका घर ।
निकार, पु. परिभव, अपकार, तिरस्कार, धान्या-देरूर्ध्वक्षेपण । वेइज़ती, बुराई, निरादरी, धान वगैरहका उछालना ।
निकारण, न. मारण, वध । कतल ।
निकुञ्ज, न. लतादिपिहितस्थल; लताओंसे घिरी हुई जगह । [विशेष ।
निकुम्भ, पु. कर्णका पुत्र (स्त्री) (म्मा) । राक्षसी
निकुम्भिला, स्त्री. लंकामेंकी एक गुफ़ा ।
निकृत, त्रि. खल, धूर्त, नीच, प्रतारित, पदच्युत। खराब, शरीर, कमीना, फ़रेब दिया हु०, ओ-हदेसे गिरा हुआ ।
निकृति, स्त्री. झिड़कन, निन्दा। शरारत, ख़राबी, आजज़ी, ग़रीबी, मुफ़लसी ।
निकृष्ट, त्रि. अपकृष्ट; जातिमें छोटा । अदना ।
निकेत(क), पु. गृह; घर ।
निकेतन, न. घर, पु. पलाण्डु; प्याज़ ।
निकण, न. वीनकी आवाज़ ।
निकाणन, न. वीन बजाना ।
निक्षेप, पु. अन्यार्पित वस्तु, शिल्पिहस्ते संस्कारार्थ दत्त । अमानत, कारीगरको सुधारके लिये दी हुई ।
निखर्व, पु. संख्याविशेष, (त्रि) वामन । १०००००००००० इतनी तादाद, पस्तकद ।
निखात, त्रि. गर्त, परिखा; गड़ा, खाई ।
निखिल, त्रि. सम्पूर्ण । कुल ।

निगड, पु. संगल, हथकड़ी । [हुआ, जकड़ाहु०
निगडित, त्रि. बद्ध; संगल से बंधा हुआ, बंधा-
निगद, पु. भाषण, शब्द । तकरीर, आवाज़ ।
निगदित, त्रि. कथित; कहाहुआ ।
निगम, पु. वाणिज्य, वेद, वेदशाखा, शास्त्रपंथा । वणिक्पथ, निश्चय, अर्ध्वा, प्रतिज्ञादिन्यायके पांच अवयवोंमेंसे एक ।
निग(गा)र, पु. **निगरण**, न. } खुराक । निगलना ।
निगाल, पु. घोड़ेका गला ।
निगूढ, पु. वनके मूंग, (त्रि) छिपा हुआ ।
निग्रह, पु. अनुग्रहाभाव, बन्धन, भर्त्सन, सीमा, प्रहार, ताडना, यन्त्रणा । सज़ा, झिड़कन, हद्द, चोट । [१६ पदार्थोंमेंसे आखरी ।
निग्रह-स्थान, न. वादीके हारनेकी जगह, गौतमके
निग्राह, पु. शाप । वद दुआ ।
निघ, पु. समन्तात्, सदृश । चारोंतरफ़, एकसा ।
निघण्टु, पु. कोश आदि ग्रंथ । वैदिक शब्दोंकी लुग़त ।
निघस, पु. आहार । खुराक । [दियाहुआ, नेक ।
निघ्न, त्रि. वशीभूत, गुणित, शिष्ट । तावेदार, ज़र्ब
निचय, पु. समूह, निश्चय, अवयवापचित पदार्थ । मजमह याढेर, यकीन, हद्दसे बाहिर बढ़ाहुआ ।
निचित, त्रि. व्याप्त, पूरित, आकीर्ण, निर्मित । मुहीत, भराहुआ, फैलाहु०, बनाहुआ ।
निचुल, पु. हिज्जल-वृक्ष, वेतका पेड़ ।
निचोल, पु. ओलीका पर्दा, बुर्क़ा, दुपट्टा, चादर, औरतोंका घागरा ।
निज, न. अपना, कुदरती, इलाही, हमेशा ।
निटल, न. कपाल; खोपरी, माथा ।
निडीन, न पक्षी गतिविशेष; परिंदोंका शनैःउड़ना।
नितम्ब, पु. कटितट, स्कन्ध, कूल, कट्यधोभाग, कटक, कटि । चूतड़, कंधा, किनारा, कमर ।
नितम्बिनी, स्त्री. प्रशस्त नितम्बवती । उमदह कमरवाली स्त्री ।
नितराम्, व्य. अत्यन्त,अवश्य, सदैव । निहायत, ज़रूर, हमेशा, ख़ास करके ।
नितल, न. सातों पातालोंमेंसे २य, पाताल । जहन्नम ।
नितान्त, त्रि. अधिक(न्) । बहुतही, ज़रूर ।

नित्य, न. सतत, प्रतिदिन, (त्रि) तीन काल व्यापी, पु. समुद्र, सनातन, (स्त्री) (त्या) दुर्गा, पार्वती।

नित्य-कर्मन्, न. अकरनमें प्रत्यवायसाधक धर्म-संध्यावन्दन आदि। जिसके न करनेमें पाप है जैसे संध्या उपासन आदि। रोज मरा का फ़र्ज़।

नित्यदा, व्य. सातत्य। हमेशहसे।

नित्यशस्, व्य. सदा। हमेशह।

निदर्शन, न. उदाहरण, चिन्ह, (स्त्री) (ना) काव्यालङ्कारविशेष। मिसाल, निशान, उपमेय और उपमान वाक्यार्थोंका अभेद।

निदाघ, पु. ग्रीष्म-काल। मौसिम, गरमा, गरमी, घाम, पसीना, (त्रि) गरम, जलाहुआ।

निदान, न. आदिकारण, कारण, रोगनिर्णयकारी ग्रंथ, अन्त, तपःफल। सबब, बीमारीकी पहिचान करानेवाली पुस्तक, आख़ीर, तप स्वाका फल, बछड़ा बांधनेकी रस्सी।

निदग्ध, उपचित, लेपवर्द्धित, (स्त्री.) (ग्धा) एला। बड़ाहु०, फूलाहु०, इलायची।

निदिध्यासन, न. गुरुमुखसे सुनेहुएपर खूब ग़ौर करना, ख़याल करना।

निदेश, पु. हुकम, सिखाना, नज़दीक, वर्तन।

निदेशवर्तिन्, त्रि. आज्ञाकारी। फ़र्मांवरदार।

निद्रा, स्त्री. सुषुप्ति दशा; मेध्या नाड़ीमे मनका प्रवेश; नींद।

निद्राण, त्रि. सोया हुआ।

निद्रालु, पु. नींदवाला। उनींदा।

निद्रित, त्रि. सोया हुआ, नींदसे ग़लतान।

निधन, पु. न. मरण, नाश, लग्नसे आठवां घर, कुल, (पु) कुलमें प्रधान (त्रि) निर्धन, दरिद्र।

निधान, न. आधार, भांडार, स्थापन, अर्पण, तिरोधान। पनाह, कामका अंजाम, खज़ाना, छुपना, रखना, सौंपना।

निधि, पु. कुबेरकी संपदा; जैसे पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद नील, खर्व, नलीनाम खुशबू, अमानत, दबाहुआ पदार्थ, समुंदर।

निधीश, पु. कुबेर; धनका देवता।

निधुवन, न. मैथुन, नर्म। जमा, खेल, ठट्ठा।

निध्वान, न. दर्शन (पु) ध्वनि। दीदार, आवाज़।

निनंक्षु, त्रि. नाशेच्छुक। नाश चाहनेवाला।

निन्दक, त्रि. दूषक। हजो करनेवाला।

निन्दनीय निन्द्य, त्रि. दूषणीय। निन्दाके योग्य।

निन्दा, स्त्री. अपवाद। हजो। [नाम।

निन्दित, त्रि. निन्दा-युत। हजोकेलायक, बद-

निन्दु, स्त्री. मृतवत्सा। जिसके बच्चे मर जांय।

निप, पु. न. कलश; कलसा।

निपतित, त्रि. खूब गिरा हुआ, गिरा हुआ।

निपत्या, स्त्री. युद्धभूमि। मैदान जङ्ग।

निपात, पु. पतन, मौत (व्या) च, प्र, एवं, आदिक शब्द।

निपातन, न. अधः क्षेपण; नीचे गिराना।

निपातित, त्रि. नीचे फेंका हुआ।

निपात, न. कूएका चौबचा। [जोड़ देने।

निपीडन, न. निचोड़ना, पाओंसें मलना, हाथ

निपीडित, त्रि. निचोडा हुआ. तक्लीफ दिया हुआ।

निपीत, त्रि. समग्र-पीत। तमाम पीलिया हुआ।

निपुण, त्रि. होशियार, काम निकालनेमे चतुर।

निफला, स्त्री. औषधिविशेष; एक बूटी जो रातको चमकती है।

निबद्ध, त्रि. बंधा हुआ, रचा हुआ। [पेंट।

निबन्ध, न. बन्धन, कायमी. एक बीमारी, नीमका

निबन्धन, न. सबब, बंधन (पु) बीन बाजेके ऊपरका हिस्सा। [न्दह।

निबन्धृ, पु. ग्रन्थकर्ता। मुसन्निफ़, तशरीह कुनि-

निभ, पु. व्याज (त्रि) शब्दके आगे आय तो सदृश समान (स्त्री) प्रकाश। बहाना, मानिंद, रौशनी।

निभृत, त्रि. निर्जन, विनीत, गुप्त। तनहा, हलीम, पोशीदह, एक तरफ़।

निमग्न, त्रि. डूबा हुआ, पानीमें ग़ोता लगाये हुए।

निमज्जन निमज्जथु, न अवगाहण, स्नान अन्तर्निवेश; पु. न्हाना।

निमन्त्रण, न. घरमें भोजनके लिये किसीको बुलाना, बुलाना।

निमात, न. मूल्य; मोल। कीमत। [एक पुत्र।

निमि, पु. चन्द्रवंशीय एक राजा, इक्ष्वाकु राजाका

निमित, त्रि. प्रक्षिप्त, उत् क्षिप्त। फेंका हु०, उछाला हुआ।

निमित्त, न. कारण, चिन्ह । शकुन, सबब, निशान ।
निमित्त-कारण, न. न्यायशास्त्रोक्त समवाय्य समवायी कारणसे भिन्न कारण; जैसे घटका मृदादि समवायी, कपालद्वयसंयोग, असमवायी और कुलाल का चक्र दण्ड आदि निमित्त कारण हैं ।
निमि(मे)ष, पु. काल विशेष, विष्णु । लहमा ।
निमील, पु. निमीलन, न. मुद्रण । मीचन, सकोचना, मरण, मोह । [मरना, सुकुचना, झपकना ।
निमीलन, न. मरण, संकोचन । आंख बंद करना ।
निम्न, त्रि. गहरा, नीचा ।
निम्न-ग, त्रि. अधोगतिक नीचे जानेवाला (स्त्री) (गा) नदी-मात्र । दर्या ।
निम्नोन्नत, त्रि. ऊंचा नीचा ।
निम्ब, पु. नीमका पेड़ ।
नियत, त्रि. निश्चित, नित्य, दमित, बद्ध, शासित, वशीकृत, अवश्यं भावी (न) नित्य-कर्म । यकीनी, हमेशह, मगरूर, बंधाहु०, सिखाया हु०, रोज़का काम (स्त्री) (ति) भाग्य, पुण्य, कायदा (ती) देवी, (भगवती)
नियन्तृ, पु. सारथि, प्रभु, (त्रि) शास्ता । गाड़ीवान्, मालिक, सज़ा देनेवाला । [हुआ ।
नियन्त्रित, त्रि. बद्ध, दमित; बंधा हुआ, जकड़ा
नियम, पु. क़ायदा, रोक, इकरार, यकीन, मनज़ूर, फ़ाकह, मीमांसा शास्त्र का एक विशेष नियम, व्रत शौच सन्तोष तप स्वाध्याय, ईश्वर-प्रणिधान ।
नियमन, न. दमन, बन्धन, व्यवस्थापन, बांधना, रोकना, [किया हुआ, खेंचा हुआ ।
नियमित, त्रि. रोका हुआ, बांधा हुआ, निश्चय
नियम्य, त्रि. सिखाने लायक ।
नियामक, त्रि. नियन्ता । यकीन करानेवाला ।
नियुत, न. दसलाख १०,००,००० संख्या ।
नियोक्तृ, त्रि. प्रभु । हाकम ।
नियोग, पु. आज्ञा, नौकरोंको काममें लगाना, काम, हिदायत, यकीन, इक़रार ।
नियोजन, न. आज्ञा, मेलन । हुकम, मिलना ।
नियोजित, त्रि. आज्ञप्त; आज्ञा दिया हुआ ।
नियोज्य, त्रि. भृत्य, प्रेष्य । नौकर, चाकर ।
निर्, व्य. निश्चय, निषेध, निरुशेष । यकीन, नहीं, तमाम, समग्र, बहिष्करणआदि अर्थबोधक शब्द ।
निरक्ष, पु. विषुव संक्रम ।
निरंश, त्रि. अंशहीन, (पु) संक्रान्ति ।
निरङ्कुश, त्रि. स्वेच्छाचारी । आज़ाद ।
निरञ्जन, त्रि. साफ़, चमकीला, रौशन (न) परमात्मा ।
निरत, त्रि. आसक्त व्याप्त । मसरूफ ।
निरतिशय, त्रि. अत्यधिक । ज़्यादहतर ।
निरत्यय, त्रि. अविनाशी, निर्बाध, निर्दोष ।
निरन्तर, त्रि. निविड, निश्छिद्र । लगातार, गाढ़ा ।
निरपत्रप, त्रि. निर्लज्ज । बेशरम ।
निरपराध, त्रि. निर्दोष । बेकसूर ।
निरपेक्ष, त्रि. अपेक्षारहित, स्वतन्त्र । आज़ाद ।
निरय, पु. नरक, दुःख । दोज़ख ।
निरर्गल, त्रि. अबाध । बेरोक, बेडर ।
निरर्थक, त्रि. व्यर्थ, निष्प्रयोजन । बेफ़ायदह ।
निरस्, न. रसहीन । बेज़ायकह ।
निरसन, न. फेंकना, मारना, कतल करना ।
निरस्त, त्रि. छोड़ाहुआ, हटाया हुआ, झिड़का हुआ, मारा हुआ, जल्दीसे कहा हुआ ।
निरहंकार, त्रि. गर्व-शून्य । ना मगरूर ।
निराकरण, न. हटाना, दूरकरना, इनकार करना ।
निराकरिष्णु, त्रि. निवारणशील । निकालनेवाला, इनकार करनेवाला ।
निराकार, त्रि. आकाररहित (पु) आकाश, काल, दिक्, आत्मा, और मन । बेवजूद ।
निराकृत, त्रि. हटायाहु०, इन्कारकियाहु० (स्त्री) (ति) हटाना (बेवजूद ।)
निराबाध, त्रि. बाधारहित । बेरोक ।
निरामय, पु. जंगली बकरा, सूअर (त्रि) तनदरुस्त ।
निरालम्ब, त्रि. निराश्रय । बेपनाह ।
निराश, त्रि. आशारहित । ना उमीद ।
निराश्रय, त्रि. अशरण । बेपनाह ।
निरिन्द्रिय, त्रि. इन्द्रियरहित । बेहिस ।
निरीक्षण, त्रि. दर्शन-हीन; अंधा (न) देखना ।
निरीक्षा, स्त्री. देखना । दीदार । [दीदार ।
निरीक्षित, त्रि. दृष्ट (पु.) दर्शन । देखा हु०,
निरीति, त्रि. ईतिशून्य । बाअमन ।
निरीह, त्रि. निस्पृह, निश्चेष्ट । बेपरवाह, बेहर्कत ।
निरुक्त, न. वेदाङ्ग ग्रंथ, वेदका निघण्टु व्याकरण । वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ,

धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम् (त्रि) कहाहु० (स्त्री) (क्ति) पूरी २ व्याख्या।

निरूढ, पु. रूढ़ी लक्षणासे अर्थका बोधक शब्द। (त्रि) उत्पन्न, प्रसिद्ध, (स्त्री) (ढा) लक्षणाविशेष।

निरूढि, स्त्री. प्रसिद्धि। मशहूरी।

निरूपण, न. निर्णय, निश्चय। खूब ग़ौरसे एक बातको सोचना, बतलाना, मुकर करना।

निरोध, पु. नाश, निग्रह। तबाही, रोक।

निरोधन, न. रुद्धकरण; रोकना।

निर्गत, त्रि. बहिर्गत, अपगत; निकला हुआ।

निर्गम, पु. निर्गमन, न. अपगम, बहिर्गमन। निकल जाना, बाहर जाना।

निर्गुण, त्रि. गुण-हीन (न) परमात्मा। बेसिफ़त।

निर्गुण्डी, स्त्री. सिन्धुवार वृक्ष, कमलकी जट।

निर्ग्रन्थ, पु. क्षपणक, दिगन्तर, वृतकार, निष्फल, मुनिविशेष, (त्रि) मूर्ख, निस्सहाय, वस्त्ररहित। नास्तिक जुआरिया, बेफ़ायदा, ख़ास मुनि, बेवकूफ़, बेमदद, नंगा।

निर्ग्रन्थन, न. हनन, वध। कतल।

निर्घण्ट, पु. अणुक्रमणिका. [वज्र।

निर्घात, पु. आवाज़, हवाके टकरानेकी आवाज़,

निर्घृण, त्रि. निर्दय। बेरहम, बेशरम।

निर्घोष, पु. शब्द। आवाज़।

निर्जन, त्रि. विजन। तनहाई।

निर्जय, पु. देवता, (त्रि) जो जीता न जाय।

निर्जर, पु. देवता (न) अमृत (त्रि) अविनाशी। (स्त्री) (रा) गिलो, तालपर्णी बूटी।

निर्झर, पु. झरना (स्त्री) (री) (णी) नदी।

निर्णय, पु. निश्चय, ज्ञान, सन्देह, विरोध, परिहार, मीमांसोक्त पञ्च अवयवोंमेंसे अन्तिम, अर्थका निश्चय। फ़ैसला।

निर्णिक्त, त्रि. शोधित, अपगतमल (स्त्री) (क्ति) मुक्ति। साफ़ किया हु०, धोया हुआ, धोना, न जात।

निर्णीत, त्रि. अवधारित; निर्णय किया हुआ।

निर्णेजक, पु. रजक; धोबी (त्रि) साफ़ करने वाला।

निर्दय, त्रि. निष्ठुर। बेरहिम। [तरह जलना।

निर्दहन, पु. मिलावा (स्त्री) मूर्वालता (न) अच्छी

निर्दिष्ट, त्रि. उपदिष्ट, उल्लिखित, कथित। सिखाया हुआ, कहा हु०, लिखा हुआ, दिखाया हुआ।

निर्देश, पु. सिखाना, हुकम, हिदायत, दिखाना।

निर्धन, पु. जरद्गव (त्रि) धनरहित। मुफ़लिस।

निर्धारण, पु. न. ज़ात, सिफ़त या कामके सबब बहुतोंमेंसे एकको अलग कर दिखाना। जैसे—आदमियोंमें ब्राह्मण, बैलोंमेंसे काला आदि।

निर्धारित, त्रि. कृतनिश्चय। यकीन किया हुआ। दर्याफ़्त किया हुआ।

निर्धूत, त्रि. तजा हुआ, हटाया हुआ।

निर्धौत, त्रि. धोया हुआ।

निर्बुद्धि, पु. अज्ञ। बेवकूफ़, बेअकल।

निर्बोध, त्रि. ज्ञानरहित; मूर्ख।

निर्भय, त्रि. भयरहित, (पु) हयश्रेष्ठ। बेख़ौफ़, उत्तम घोड़ा। [बहुतही, भरोसा।

निर्भर, न. अतिमात्र (त्रि) आत्यन्तिक, आशा।

निर्भर्त्सन, न. निन्दा। हजो। [नहीं। बेपरवाह।

निर्मम, त्रि. ममता-शून्य; जिसको किसीमे ममता

निर्मल, त्रि. मलरहित। साफ़, सुथरा।

निर्माण, न. गांठना, रचना। दस्तकारी।

निर्माल्य, न. देवताकी उच्छिष्ट (स्त्री) (ल्या) फलविशेष जिससे जल साफ़ होता है, देवताके आगेचढ़ा हुआ पदार्थ।

निर्मित, त्रि. रचित। तैयार।

निर्मुक्त, त्रि. आज़ाद, वह सांप जिसने केंचली उतारी है। [छुड़ाना।

निर्मोक, पु. सांपकी केंचली, बक्तर, आसमान,

निर्यात, त्रि. निकला हुआ। [कतल, ख़ैरात।

निर्यातन, न. निग्रह, वध, दान, प्रतिदान। रोक,

निर्यास, पु. अर्क, काढ़ा, दुशांदा।

निर्यूह, पु. खूंटी, ताज, गूंद।

निर्लज्ज, त्रि. लज्जाहीन। बेशरम।

निर्लेप, त्रि. लेपरहित। आज़ाद।

निर्लोडित, त्रि. आलोडित, विचारित। बिलोया हुआ, विचारा हुआ।

निर्वचन, न. निरुक्त, खोलकर कहना। [बोना।

निर्वपण, न. पितरोंके निमित्त देना, देना, बीज

निर्वहण, न. नाटकमें प्रकृत कथा पूरी होनेपर प्रकृत अभिनयका निर्वाह, नाटककी पांच सन्धियें, गुज़ारा।

निर्वाण, न. मोक्ष, हटना, तबाही, हायीका

न्हाना, कीचड़, मौत (त्रि) मुक्त, मरा हुआ, थका हुआ, नाश हुआ २ ।

निर्वाद, पु. बदनामी, शोहरत, गुंगा ।

निर्वाप, पु. निर्वापण (न) दान, वध । बुझना, खैरात, कतल ।

निर्वापण, न मारण, कतल, दान, त्याग । [निवाला ।

निर्वार्य्य, त्रि. वे खाँफ़ काम करनेवाला, न रुक-

निर्वासन, न. देसनिकाला देना, कतल ।

निर्वासित, त्रि. बाहर निकाला हु०, निकासाहुआ ।

निर्वाह, पु. कामका सरंजाम, गुज़ारा ।

निर्विकल्प, पु. समाधिविशेष; जिसमे ज्ञाता ज्ञेय ज्ञान यह ज्ञान नहिं (न) अखण्ड ज्ञान, (त्रि) विकल्परहित । [कार नहिं ।

निर्विकार, पु. परमात्मा (त्रि) जिसमें कोई वि-

निर्विघ्न, न. विघ्नका न होना (त्रि) विघ्न रहित काम ।

निर्विद्, **निर्विण्ण**, त्रि. भय शोक आदिसे कातर, खिन्न ।

निर्विंध्या, स्त्री. विंध्याचलसे निकली हुई एक नदी ।

निर्विशंक, त्रि. निर्भय । बेखौफ़ ।

निर्विशेष, त्रि. अभिन्न । यकसां ।

निर्विष्ट, त्रि. उपभुक्त, लब्ध, पुष्ट, ऊढ़ ।

निर्वीज, त्रि. बीजरहित, पुरुषार्थहीन । बेतुखम, बेहिम्मत ।

निर्वीर, त्रि. वीर शून्य (स्त्री) (रा) अवीरा ।

निर्वृत, त्रि. सन्तुष्ट, सुखी (स्त्री) (ति) शांति, मुक्ति, अभय, मृत्यु, सुख ।

निर्वृत्त, त्रि. निष्पन्न, सुसिद्ध, ज्ञात ।

निर्वृष्ट, त्रि. निश्शेष वृष्ट; पूरा २ बरसा हुआ ।

निर्वेद, पु. खावमानन, परवैराग्य, वैराग्य । पछताओ, खाकसारी, दुनियावी ख्वाहिशोंकी तरक ।

निर्वेश, पु. भोग, वेतन, मूछन, विवाह, प्राप्ति । ऐश, मज़दूरी गश, हमूल ।

निर्व्यथन, न. छिद्र, दुःख । सुराख, तकलीफ़ ।

निर्व्यपेक्ष, त्रि. निरपेक्ष । बेपरवाह ।

निर्व्यूढ, त्रि. निश्चित, प्रमाणोंसे निश्चय किया हुआ, ठीक, पूरा, खतम, तर्क किया हुआ ।

निर्हरण, न. **निर्हार**, पु. जलानेको शव का बाहर निकालना, खेंचना, मलमूत्र का तजना, तीर आदिका देहमेंसे खेंचकर बाहर करना ।

निर्हारिन्, त्रि. निर्हरण करनेवाला, बहुत फैला हुआ, दूरगामी गन्ध ।

निर्ह्राद, पु. शब्द । आवाज़ ।

निलय, पु. आलय, गृह, वासस्थान । रहनेका घर ।

निलम्प, पु. देवता, (स्त्री) (म्पा) गौ ।

निलीन, त्रि. अवस्थित, लग्न, निमग्न, वेष्टित, विलीन । रक्खा हुआ, लगा हुआ, डूबा हुआ, लपेटा हुआ, छिपा हुआ ।

निवपन, न. पितरोंके उद्देश्य दान । जगात ।

निवर्तन, न. निवृत्ति, निवारण । हटना, लौटना, । २० बांस लंबा खेत ।

निवर्तित, त्रि. निवारित; हटाया हुआ ।

निवर्हण, निर्हरण देखो ।

निवसति, स्त्री. निवास गृह । रिहाशका घर ।

निवसथ, पु. गांओं, देश । [एक, मजमह ।

निवह, पु. वायु विशेष, समूह । ७ सात पवनोंमेंसे

निवात, पु. दृढ़, कवच (त्रि) वातशून्य स्थान । मजबूत, जिरा, वे हवा जगह । [एक दैत्य ।

निवात-कवच, पु. समुद्रके किनारे रहनेवाला

निवाप, पु. पित्रोद्देश्य दान । पितरोंकेवास्ते देना, । खैरात, श्राद्ध तर्पण आदि ।

निवार(ण), पु. न. निषेध । इनकार ।

निवास, पु. गृह, आश्रय; घर, रहनेकी जा ।

निविड, त्रि. सान्द्र, घन, नीरन्ध्र, उच्च नासिक । गीला, घना, वे सुराख़ ऊंची नाकवाला ।

निविष्ट, त्रि. प्रविष्ट, प्राप्त; बैठा हुआ, दाखल हुआ, हासिल ।

निवीत, न. जनेऊ, दुपट्टा (त्रि) ढंपाहुआ ।

नि-वृत, न. उत्तरीय-वस्त्र (त्रि) आवृत । दुपट्टा, ढंका हुआ ।

नि-वृत्त, त्रि. विरत, प्रत्यावृत्त, (न) निवृत्ति । हटा हुआ, लौटाहु०, लौटाव स्त्री० (त्ति) विरति, विश्राम ।

नि-वेद(न), पु. न. ज्ञापन, समर्पण, वर्णन । जताना, सौंपना, बयान करना, दर्ख़ास्त ।

नि-वेदित, त्रि. ज्ञापित, सूचित, दत्त, जताया हु० दियाहुआ, मुशतहिर कियाहु० ।

नि-वेश, पु. शिविर, स्थान, युद्ध, विवाह, सैन्य-विन्यास, उपवेशन, प्रवेश । छावनी, जगह, लड़ाई; फौजका तरतीब से ठहराना ।

नि-वेशन, न. घर, जगह, ठहराना, उलांघना ।
नि-वेशित, त्रि. ठहरायाहुआ, रक्खाहुआ, उलांघा-हुआ ।
निश्(शा), स्त्री. रात, हल्दी, अन्त, बाकी ।
निशमन, निशामन, न. दर्शन, श्रवण; देखना, सुनना ।
निशा-कर, पु. चांद, मुर्ग़ ।
निशा-चर, पु. राक्षस, सिआर, उल्लू, सांप, चकवा भूत, चोर (त्रि) रातको फिरनेवाला ।
निशात, त्रि. शाणित; सांन पै चढ़ायाहुआ ।
निशान, तीक्ष्णी-करण । तेज़ करना । [चाप ।
निशान्त, न. घर, रातका अन्त, बहुतही चुप-
निशा-पति, पु. चन्द्रमा; चांद ।
निशारण, न. रातका युद्ध, हनन । कतल ।
निशित, त्रि. तीखा, तेज़ किया हु० (न) लोहा ।
निशीथ, पु. आधी रात, रात । शव ।
निशीथिनी, स्त्री. रात्रि; रात । शव । [तल, कै ।
निशुम्भ, पु. शुंभ दैत्यका छोटाभाई, मलना, क-
निश्चय, पु, निर्णय, सिद्धान्त । यकीन, फैसला ।
निश्चल, त्रि. अचल, पर्वत, वृक्ष, स्थावर—वस्तु (स्त्री) (ला) पृथिवी ।
निश्चायक, त्रि. निर्णय करानेवाला ।
निश्वसन, निश्वसित, न. त्रि. नासागत वायु; सांस । दम ।
निश्वास, पु. प्राण-वायु; सांस । दम । [हुआ ।
निषक्त, त्रि. संसक्त, लग्न । जुड़ा हु०, लगा
निषङ्ग, पु. तूणीर; तरकश ।
निषङ्गिन्, त्रि. तूण-धारी । तर्कश बांधनेवाला ।
निषद्य, त्रि. आधार, (स्त्री) (द्या) पण्यवीथिका, खट्टा । बाज़ार, दुकान, खटोल ।
निषध, पु. खास पहाड़, देश विशेष, राजा वि०, कठिन, निषादस्वर । [पनाह लेनेवाला ।
निषण्ण, त्रि. बैठा हुआ, सोया हुआ, ठहरा हु०,
निशा(षा)द, पु. चाण्डाल, धीवर, स्वरविशेष, (दी) चांडाली । [वाला ।
निषादिन्, पु. महावत, हाथीका सवार (त्रि) बैठने-
निषिक्त, त्रि. सिंचा हुआ, चूआ हुआ ।
निषिद्ध, त्रि. निवारित, बाधित । हटाया हुआ, रोका हुआ ।
निषूदन, न. वध, निषेध, (त्रि) विनाशक । कतल इनकार तवाह करनेवाला ।
निषेक, पु. सेचन, आधान, गर्भाधान । सींचना, डालना, हमल डालना ।
निषेदिवस्, त्रि. निषण्ण; बैठाहुआ ।
निषेध, पु. निवारण । हटाना, इनकार ।
निषेवित, त्रि. सेवित, अनुगत । सेवाकिया हुआ, पैरवी किया हुआ ।
निष्क, पु. न. मुद्रा, मोहर, सुवर्ण, ३२ रत्ती स्वर्ण, १०८ स्वर्ण परिमाण, उरोभूषण । हार, माला ।
निष्कण्टक, त्रि. कण्टकशून्य, शत्रू शून्य । बे खटके । बग़ै रदुश्मन ।
निष्कर्मन्, त्रि. निर्व्यापार, अलस । निकम्मा ।
निष्करुण, त्रि. निर्दय । बेरहम ।
निष्कर्ष, पु. निश्चय । यक़ीन ।
निष्कर्षण, न. अपनयन, उद्धरण, निष्कासन । दूर करना, निकासना,
निष्फल, त्रि. वन्ध्य, नष्ट-वीर्य, वृद्ध, (स्त्री) (ला) विगतार्तवा नारी (न.) परब्रह्म ।
निष्काशि(सि)त, त्रि. निकाला हु०, दूर किया हु०, झुकाया हुआ । [खेत ।
निष्कुट, पु. घरमेंका बाग, हवा, रनवासा, खास-
निष्कुपित, त्रि. निकाला हुआ, त्वचा उतारे हुए, तोड़ा हुआ ।
निष्कुह, पु. वृक्षकी खोल । [पलटा, नजात ।
निष्कृति, स्त्री. निस्तार, उद्धार, मुक्ति । बदला,
निष्कृष्ट, त्रि. निर्गलित, निष्पीडित, सारभूत । निकला हु०, निचोड़ा हु०, (पु.) निचोड़, न तीजा ।
निष्क्रम, पु. बुद्धि, शक्ति, निर्गम, दुष्कुल ।
निष्क्रमण, न. बाहर निकलना, ४ थे महीने नव जन्म बालकको घरसे बाहर लेजानारूप एक संस्कार ।
निष्क्रय, पु. वेतन, मूल्य । भाड़ा, कीमत ।
निष्क्रापण, न. बहिर्निस्सारण । बाहर निकालना ।
निष्ठ, त्रि. ठहराहुआ (स्त्री) (ष्ठा) निष्पत्ति, नाश, अन्त, याचा, भक्ति, बड़ाई, व्यवस्था, क्लेश, व्रत, गुरु-सेवा, धर्ममें श्रद्धा, नाट्यमें प्रस्तुत कथाकी समाप्ति (व्या०) क्त क्तवत्-प्रत्यय ।
निष्ठान, न. तरकारी, व्यंजन ।

नीरस, पु. दाडिम वृक्ष, (त्रि) रस-हीन । अनार-का दरख़्त, बे मज़ा ।

नीराजन, न. स्त्री. (ना) आरात्रिक; आरती । देवताको १ दीपक दिखाना २ शंखमें जल दिखाना, ३ शुद्ध वस्त्र दिखाना, ४ आम वा पीपलके पत्तेसे जल सींचना ५ दण्डवत प्रणाम करना, आश्विन मासमें घोड़े और अस्त्र शस्त्र आदिका पूजन करना ।

नीरुज्(ज), स्त्री. स्वास्थ्य, (त्रि) नीरोग । तन दरुस्ती, तनदरुस्त ।

नील, पु. इलावृतवर्षके उत्तर रम्यक वर्षकी मर्यादा पर्वतविशेष । मणि विशेष, वानरविशेष, निधिविशेष. अजमीढ राजाका पुत्र, (न) नीलारंग, (त्रि) नीला, काला, स्त्री. (ली) नीलका पौदा ।

नील-कण्ठ, पु. महादेव, मयूर, पीतसार, दात्यूह, ग्रामकी चिड़िया, खञ्जन, (न) मूलक ।

नील-कान्त, पु. इंद्रनील मणि ।

नील-लोहित, पु. शिव, (त्रि) नीले और लाखे रंगका, बैंगनी रंग ।

नीलाम्बर, पु. बलदेव, राक्षस, शनिग्रह (न) नील वस्त्र । [सौसन ।

नीलाम्बुज, (जन्मन्), न. कमलफूल । गुले

नीलिमन्, पु. नीलापन, कालापन ।

नीलो-त्पल, न. नीलवर्ण उत्पल; नीलोफ़र ।

नीवार, पु. तृणधान्यविशेष; सुआंकके चावल ।

नीवि(वी), स्त्री. मूल-धन, कटिबन्धन कटि वस्त्र ग्रंथी । शूद्रकृत पितृश्राद्धमें मोटकबंधन । पूंजी, धोती ।

नीवृत, पु. स्त्री. देश । मुल्क ।

नीशार, पु. प्रावरण; पर्दा, कनात, बर्फ़की सर्दी ।

नीहार, पु. घनीभूत शिशिर । बर्फ़, ओला ।

नु, व्य. विकल्प, प्रश्न, हेतु, वितर्क, अपमान, अनुताप, संशय, छल, सम्मान, इन अर्थोंका बोधक अव्यय । [स्तुति । तअरीफ ।

नुत, त्रि. स्तुत । तअरीफ़ किया गया, स्त्री. (ति)

नुत्त(न्न), त्रि. प्रेरित; भेजा हुआ ।

नूत्न, त्रि. नवीन; नया ।

नूद, पु. शतूत का पेड़ ।

नूनम्, व्य. तर्क, निश्चय, स्मरण, वाक्य-पूरण । इन अर्थोंका बोधक अव्यय ।

नूपुर, पु. न. पादाह्रद; पांवटा, पांयजेब ।

नृ, पु. मनुष्य । आदमी ।

नृग, पु. राजा इक्ष्वाकुका बेटा ।

नृ-चक्षस्, पु. राक्षस ।

नृ-जग्ध, त्रि. नर भक्षक । आदमख़ोर ।

नृत्त, त्रि. नाचा (न) नाच ।

नृत्त(त्य), न. ताण्डव, नाट्य; तालल्य और बतानेके साथ नाच ।

नृत्यत्, त्रि. नाचता हुआ, नाचने वाला ।

नृप, नृपति, } पु. भूपाल । पादशाह ।

नृप-कन्द, पु. राज-पलाण्डु; बड़ा प्याज़ ।

नृप-सभ, न. राजसभा । राजदर्बार ।

नृपांश, पु. राज-कर ।खिराज ।

नृ-यज्ञ, पु. अतिथिपूजा । महिमान निवाज़ी ।

नृ-शंस, त्रि. घातक, क्रूर, परद्रोही । पापी, जल्लाद, चुग़ल । [मनुष्योत्तम ।

नृ-सिंह, पु. १० वां, औतार नरसिंह, हरि विष्णु,

नृ-सेन, न. मनुष्योंकी सेना । पैदल-फ़ौज ।

नृ-सोम, पु. नरश्रेष्ठ, नरचन्द्र । नेक आदमी ।

नेजक, पु. धोबी (त्रि) धोनेवाला ।

ने-जन, न. शोधन; धोना । [राहनुमा ।

नेतृ, त्रि. प्रभु, निर्वाहक, नायक । आका, उस्ताद,

नेत्र, न. मथानीकी रस्सी, वस्त्रविशेष, पेड़की जड़, रथ, जटा, नाड़ी, सलाई, आंख, पहुंचानेवाला, पहुंचाने का वसीला, (त्रि) उकसानेवाला (स्त्री) (त्री) लक्ष्मी, नदी ।

नेत्र-छद, पु. पपोटे ।

नेत्र-रञ्जन, न. कजल; सुरमा, काजल ।

नेत्रा-म्बु, न. आंसू ।

नेदिष्ट, नेदीयस्, } त्रि. बहुत नेड़ेका, चतुर, (पु) एक वृक्षका नाम, (अंकोड)

नेपथ्य, न. वेश-स्थान । लिबास पहिरनेका घर, ज़ेवरात, खेलने का दंगल ।

नेपाल, पु. नेपालका मुल्क.

नेम, पु. काल, अवधि, खण्ड, प्राकार, कैतव,

अर्द्ध, गर्त, नाव्य आदि, कील, मूल्य, अर्द्ध । वक्र, हद्द, टुकड़ा, फसील, छल, निसफ़, गढ़ा, नाच वगैरह, मोल ।

नेमि (मी), स्त्री. चक्रपरिधि । पहियेका दायरा, कूएके ऊपरकी मंडेर, (पु) एक जिन का नाम, इमलीका पेड़ । [मुनि ।

नैकटिक, पु. गांवोंके समीप जिसका आश्रम है वह

नैकृतिक, त्रि. निष्ठुर, कटुभाषी । कठोर, कड़वा बोलनेवाला । [वणियां । शाहरिया ।

नैगम, पु. उपनिषद, वेदान्त, नीतिशास्त्र, (त्रि)

नैचिकी, स्त्री. उत्तम गौ । उत्तम गाय ।

नैत्यिक, त्रि. नित्यका । रोज़ मर्राका ।

नैपुण (ण्य), न. दक्षता । होशियारी ।

नैमित्तिक, त्रि. निमित्तसे बना हुआ किसी प्रयोजनसे किया हुआ काम । [का ।

नैमिष, न. क्षेत्रविशेष, वनविशेष (त्रि) लहमे भर

नैयग्रोध, न. वट-फल; वड़का फल (पु) बड़का पेड़ ।

नैयायिक, त्रि. न्यायशास्त्रका जाननेवाला या पढ़नेवाला ।

नैरन्तर्य, न. सतत । लगातार ।

नैरपेक्ष्य, न. अपेक्षाराहित्य । बेपरवाही ।

नैराश्य, न. आशाराहित्य । न उमेदी ।

नैर्ऋति, पु. राक्षस । दक्खन पच्छम कोन का देवता, विपत्तियोंसे विराग (स्त्री) कोन ।

नैर्गुण्य, न. गुणहीनत्व । वैतिक्तगी ।

नैर्मल्य, न. निर्मलत्व । सफ़ाई ।

नैवेद्य, न. देव-निवेदनीय द्रव्य; देवताकी चढ़त ।

नैश, त्रि. रात्रि-कालीन; रातका ।

नैषध, पु. राजा नल, न. काव्यविशेष । जिसमें नल की कथा है (त्रि) नल राजा का ।

नैष्कर्म्य, न. सब कर्मोंका त्याग, आलस, मुक्ति ।

नैष्किक, पु. कोशाध्यक्ष, टङ्कशालाध्यक्ष । खजांची, टकसालिया, निष्कसे खरीदी हुई वस्तु ।

नैष्ठिक, पु. ब्रह्मचारीविशेष; ब्रह्मचारी होकर जीवनभर गुरु घरमें रहकर विद्याभ्यास करनेवाला (त्रि) आखीरी, ठहरनेवाला ।

नैष्ठुर्य, न. कठोरता । संगदिली ।

नैसर्गिक, त्रि. स्वाभाविक । कुदरती । [बहादुर ।

नैस्त्रिंशक, पु. षड्गधारी योद्धा । शमशेर बरदार ।

नो, व्य. अभाव; । ना, नहीं ।

नो चेत्, व्य. नहीं तो । वरनह ।

नोदन, न. प्रेरण, अपसारण; भेजना, निकाल देना ।

नोदित, त्रि. प्रेरित; भेजाहुआ, उक्साया हुआ ।

नोपस्थातृ, पु. दूरवर्ती, दुष्टवादी । दूरका, बद कलाम ।

नौ, स्त्री. तरणि; नाओ ।

नौका, स्त्री. नाओ, किश्ती ।

नौका-दण्ड, पु. क्षेपणी; चप्पा ।

न्यक्, व्य. नीच घृण्य, अदना, । मुजनफिर ।

न्यक्कार, पु. तिरस्करण । मलामत । नफ़रत ।

न्यक्ष, त्रि. निकृष्ट, (न) साकल्य । नीच, तमाम । गूल्हर ।

न्यग्रोध, पु. वड़का पेड़, शमीका पेड़, व्याम, विष्णु (स्त्री) (धी) मूसा कभी बूटी नायका विशेष; जिसके स्तनकड़े चूतड़ मोटे और पतली कमरहो । [हिरण ।

न्यङ्कु, पु. मुनिविशेष, मृगविशेष; बारह सींहा

न्यञ्च, वि. नीच, निम्न, क्षुद्र । झुकाहुं, नीचा, अदना ।

न्यञ्चत्, त्रि. अधःस्थ, नीच । नीचेका ।

न्यस्त, त्रि. क्षिप्त, त्यक्त, विकृष्ट, निहित । फेंका, हुं०, तजा, हुं०, छोड़ा, हुं०, रक्खा हुआ ।

न्याद, पु. भोजन । खुराक ।

न्याय, पु. उचित, गौतमशास्त्र, प्रतिज्ञा हेतु उदाहरणा, उपनय, और निगमन जिसके यह पांच अवयव हैं ऐसा वाक्य, युक्ति, युक्तिसे मिलाहुआ दृष्टान्त ।

न्याय्य, त्रि. मुनासिब, ठीक, बादलील ।

न्यास, पु. अमानत, छोड़ना, एक पुस्तक, व्या० सूत्रकी तबदीली ।

न्यूङ्ख, पु. सामवेदका अङ्ग, षट् प्रणवउच्चारण (त्रि) सुन्दर, अति प्यारा ।

न्युप्त, त्रि. दत्त; दिया हुआ ।

न्युब्ज, त्रि. अधोमुख कुब्ज, यज्ञ-पात्रविशेष, कुशा, सुवा, कुबड़ा, उलटा ।

न्यून, त्रि. गर्ह्य, ऊन । निंदाके योग्य, कम ।

अस्थि-मालिन्, पु. शिव (त्रि) मनुष्यकी हड्डियोंकी जिसने माला पहिरी हो।
अ्वै, व्य. वितर्क। दलील, था।

प

इक्कीसवां व्यञ्जन। ओष्ठ्य।

प, पु. अङ्गदेशका राजा, हवा, पत्ता, पीना।
पक्ति, स्त्री. पाक; रसोई।
प (क्त) (क्त), त्रि. पका हुआ। पुख्ता।
पक्ष, पु. मासार्द्ध; पन्द्रहदिन, पंख, पर, पूंछ, तीरका पर, पास, पासका घर, सहाय, मित्र, जोड़ा, सेना, राजहस्ती, चूल्हे का पासा।
पक्षक, पु. पार्श्व-द्वार, पक्षपाती; खिड़की, तर्फ़दार।
पक्ष-चर, पु. स. चकवाक; चकवा (पु) चांद।
पक्षता, स्त्री. अनुमित्साविरहविशिष्टसिद्ध्यभाव। तर्फ़दारी। [रकी जड़।
पक्षति, स्त्री. पक्षारम्भ, प्रतिपद तिथि। पड़वा, प-
पक्ष-पात, पु. अन्याय-साहाय्य। तरफ़दारी (न) पंख गिरना।
पक्ष-पातिन्, त्रि. अनुग्राहक। तरफ़दार।
पक्षा-न्त, पु. अमावस, पूर्णिमा।
पक्षा-न्तर, न. औरपक्ष। दूसरी तर्फ़।
पक्षा-घात, पु. लकवेकी बीमारी।
पक्षिणी, स्त्री. आगामि वर्तमान दिनयुता रात्रि.। मौजूदा दिन और आनेवाला दिन एक रात, परिंदोंका मजमह।
पक्षिल, त्रि. साहाय्यकारक (पु) न्यायभाष्यकार वात्स्यायन मुनि। तरफ़दार, न्याय सूत्रोंपर भाष्यकार।
पक्षिन्, पु. बाण, विहङ्गम। तीर, परिंदह।
पक्षि-राज, पु. गरुड़, (त्रि) परिन्दोंका राजा।
पक्ष्मन्, न. नेत्रोंका परदा; पपोटे, पलक, रोंआं, कमलफूल, फूलकी तिरी, परिंदका पर।
पङ्क, पु. न. कर्दम, पाप; कीचड़, गुनाह।
पङ्क-ज, न. पद्म, सारस। कमल फूल। (त्रि) कीचड़या पानीमे जो पैदा हो।
पङ्क-जन्मन्, न. } पद्मिनी,
पङ्क-जिनी, स्त्री. } पुष्करिणी।
पङ्कार, पु. शिवाल, पुल, सीढ़ी, बंद। [ब्राह्मण।
पङ्क्ति-पावन, पु. सारी पङ्क्तिको पवित्र करनेवाला
पङ्किल, त्रि. कीचड़वाला, पु. नाओ, कीचवाली जगह।
पङ्केरुह, त्रि. कमल, सारस। [पृथिवी, गौरव।
पङ्क्ति, स्त्री. पाल, एक छन्दका नाम, दश संख्या,
पङ्क्ति-चर, पु. कुरर पक्षी; कूंज। कुलंग।
पङ्क्ति-दूषण, पु. अपाङ्क्तेय; पङ्क्तिमें बैठनेके अयोग्य।
पङ्क्ति-पावन, त्रि. पंगत की शोभा देनेवाला ब्राह्मण।
पङ्ग, पु. पतंग। परवाना।
पङ्गु, पु. शनीचर-ग्रह, (त्रि) लुंजा। [रसोईन।
पच, त्रि. पाक-कर्ता (स्त्री) (चा) पाचिका रसोईया,
पचन्, पु. सूर्य, अग्नि, इन्द्र, देवराज।
पचन, न. पकाना, रींधना। [हुआ।
पच-मान, त्रि. पाक-कर्ता; पकानेवाला, पकाता
पचम्पचा, स्त्री. दारु-हरिद्रा; हल्दी।
पचेलिम, पु. सूर्य, अग्नि (त्रि) स्वयं पक्व। सूरज, आग, खुदपका हुआ।
पच्छस्, व्य. पाद २ से, क्रम २ से, रफ्त हर्? ।
पच्य, त्रि. पाकयोग्य। पकाने लायक।
पञ्च, त्रि. संख्याविशेष; पांच।
पञ्चक, पु. पांचोंसे खरीदाहुआ, पांचोंका, आधी धनिष्ठा शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद उत्तर भाद्रपद, और रेवती यह पांच नक्षत्र (न) जंगका मैदान।
पञ्च-कषाय, पु. पांच तरहकी कसैली वस्तु। जामन, सिंवल, वटवाल, वकुल और बदर।
पञ्च-कोल, न. चित्रा चिरायता पिप्पली पीपल मूल, और सोंठ, पांच।
पञ्च-गङ्गा, स्त्री. भागीरथी स्रोतमूला कृष्णवेणी, पिनाकिनी, अखंडा और कावेरी।
पञ्च-जन, न. पुरुषविशेष, दैत्यविशेष; जिसकी हड्डीसे श्रीकृष्णजीका शङ्ख बना है (स्त्री) (नी) पांच शख्स। [जनोंका मालक।
पञ्च-जनीन, पु. भांड, (त्रि) पांच जनोंका, पांच
पञ्च-तत्व, न. पृथिव्यादि पञ्च; १ पृथिवी २ जल ३ तेज ४ वायु ५ आकाश।
पञ्च-तपस्, पु. पंचाग्नि तपनेवाला तपस्वी।
पञ्चता, स्त्री. } स्त्री. पांच तरह, पांचोंका होना, मौत।
पञ्चत्व, न. }

अर्द्ध, गर्त, नाट्य आदि, कील, मूल्य, अर्द्ध । वक्र, हद्द, ढुकड़ा, फसील, छल, निसफ़, गढ़ा, नाच वग़ैरह, मोल ।

नेमि (मी), स्त्री. चकपरिधि । पहियेका दायरा, कूएके ऊपरकी मंडेर, (पु) एक जिन का नाम, इमलीका पेड़ । [मुनि ।

नैकटिक, पु. गांवोंके समीप जिसका आश्रम है वह

नैऋतिक, त्रि. निष्ठुर, कटुभाषी । कठोर, कड़वा बोलनेवाला । [वणियां । शाहरिया ।

नैगम, पु. उपनिषद, वेदान्त, नीतिशास्त्र, (त्रि)

नैचिकी, स्त्री. उत्तम गौ । उत्तम गाय ।

नैत्यिक, त्रि. नित्यका । रोज़ मर्राका ।

नैपुण (ण्य), न. दक्षता । होशियारी ।

नैमित्तिक, त्रि. निमित्तसे बना हुआ किसी प्रयोजनसे किया हुआ काम । [का ।

नैमिष, न. क्षेत्रविशेष, वनविशेष (त्रि) लहमे भर

नैयग्रोध, न. वट-फल; बड़का फल (पु) बड़का पेड़ ।

नैयायिक, त्रि. न्यायशास्त्रका जाननेवाला वा पढ़नेवाला ।

नैरन्तर्य, न. सतत । लगातार ।

नैरपेक्ष्य, न. अपेक्षाराहित्य । बेपरवाही ।

नैराश्य, न. आशाराहित्य । न उमेदी ।

नैर्ऋति, पु. राक्षस । दक्खन पच्छम कोन का देवता, विषयोंसे विराग (स्त्री) कोन ।

नैर्गुण्य, न. गुणहीनत्व । बेसिफ़ती ।

नैर्मल्य, न. निर्मलत्व । सफ़ाई ।

नैवेद्य, न. देव-निवेदनीय द्रव्य; देवताकी चढ़त ।

नैश, त्रि. रात्रि-कालीन; रातका ।

नैषध, पु. राजा नल, न. काव्यविशेष । जिसमें नल की कथा है (त्रि) नल राजा का ।

नैष्कर्म्य, न. सब कर्मोंका त्याग, आलस, मुक्ति ।

नैष्किक, पु. कोशाध्यक्ष, टङ्कशालाध्यक्ष । खुजांची, टकसालिया, निष्कसे खरीदी हुई वस्तु ।

नैष्ठिक, पु. ब्रह्मचारीविशेष; ब्रह्मचारी होकर जीवनभर गुरु घरमें रहकर विद्याभ्यास करनेवाला (त्रि) आखीरी, ठहरनेवाला ।

नैष्ठुर्य, न. कठोरता । संगदिली ।

नैसर्गिक, त्रि. स्वाभाविक । कुदरती । [बाहादुर ।

नैस्त्रिंशक, पु. षड्गधारी योद्धा । शमशेर बरदार ।

नो, व्य. अभाव; । ना, नहीं ।

नो चेत्, व्य. नहीं तो । वरनह ।

नोदन, न. प्रेरण, अपसारण; भेजना, निकाल देना ।

नोदित, त्रि. प्रेरित; भेजाहुआ, उक्साया हुआ ।

नोपस्थातृ, पु. दूरवर्ती, दुष्टवादी । दूरका, बद कलाम ।

नौ, स्त्री. तरणि; नाओ ।

नौका, स्त्री. नाओ, किशती ।

नौका-दण्ड, पु. क्षेपणी; चप्पा ।

न्यक्, व्य. नीच घृण्य, अदना, । मुजनफिर ।

न्यक्कार, पु. तिरस्करण । मलामत । नफ़रत ।

न्यक्ष, त्रि. निकृष्ट, (न) साकल्य । नीच, तमाम । गूल्हर ।

न्यग्रोध, पु. बड़का पेड़, शमीका पेड, व्याम, विष्णु (स्त्री) (धी) मूसा कन्नी बूटी नायका विशेष; जिसके स्तनकदे चूतड़ मोटे और पतली कमरहो । [हिरण ।

न्यङ्कु, पु. मुनिविशेष; मृगविशेष; बारह सींहा

न्यञ्च, वि. नीच, निम्न, क्षुद्र । झुकाहु०, नीचा, अदना ।

न्यञ्चत्, त्रि. अधःस्थ, नीच । नीचेका ।

न्यस्त, त्रि. क्षिप्त, त्यक्त, विकृष्ट, निहित । फेंका, हु०, तजा, हु०, छोड़ा, हु०, रक्खा हुआ ।

न्याद्, पु. भोजन । खुराक ।

न्याय, पु. उचित, गौतमशास्त्र, प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण, उपनय, और निगमन जिसके यह पांच अवयव हैं ऐसा वाक्य, युक्ति, युक्तिसे मिलाहुआ दृष्टान्त ।

न्याय्य, त्रि. मुनासिब, ठीक, वाजबी ।

न्यास, पु. अमानत, छोड़ना, एक पुस्तक, व्या० सूत्रकी तबदीती ।

न्युङ्ख, पु. सामवेदका अङ्ग, पद्य प्रणवउच्चारण (त्रि) सुन्दर, अति प्यारा ।

न्युप्त, त्रि. दत्त; दिया हुआ ।

न्युब्ज, त्रि. अधोमुख कुब्ज, यज्ञ-पात्रविशेष, कुबा, खुवा, कुबड़ा, उलटा ।

न्यून, त्रि. गर्ह्य, ऊन । निंदाके योग्य, कम ।

ग्रस्थि-मालिन्, पु. शिव (त्रि) मनुष्यकी हड्डियोंकी जिसने माला पहिरी हो।
न्वै, व्य. वितर्क। दलील, या।

प

इक्कीसवां व्यञ्जन। ओष्ठ्य।

प, पु. अङ्गदेशका राजा, हवा, पत्ता, पीना।
पक्ति, स्त्री. पाक; रसोई।
प (क्त) (क्त), त्रि. पका हुआ। पुख्ता।
पक्ष, पु. मासार्द्ध; पन्द्रहदिन, पंख, पर, पूंछ, तीरका पर, पास, पासका घर, सहाय, मित्र, जोड़ा, सैना, राजहस्ती, चूल्हे का पासा।
पक्षक, पु. पार्श्व-द्वार, पक्षपाती; खिड़की, तर्फ़दार।
पक्ष-चर, पु. स. चकवाक; चकवा (पु) चांद।
पक्षता, स्त्री. अनुमित्साविरहविशिष्टसिद्ध्यभाव। तर्फ़दारी। [रकी जड़।
पक्षति, स्त्री. पक्षारम्भ, प्रतिपद तिथि। पड़वा, प-
पक्ष-पात, पु. अन्याय-साहाय्य। तरफ़दारी (न) पंख गिरना।
पक्ष-पातिन्, त्रि. अनुग्राहक। तरफ़दार।
पक्षान्त, पु. अमावस, पूर्णिमा।
पक्षान्तर, न. औरपक्ष। दूसरी तर्फ़।
पक्षा-घात, पु. लकवेकी बीमारी।
पक्षिणी, स्त्री. आगामि वर्तमान दिनयुता रात्रि.। मौजूदा दिन और आनेवाला दिन एक रात, परिंदोंका मजमह।
पक्षिल, त्रि. साहाय्यकारक (पु) न्यायभाष्यकार वात्स्यायन मुनि। तरफ़दार, न्याय सूत्रोंपर भाष्यकार।
पक्षिन्, पु. बाण, विहङ्गम। तीर, परिंदह।
पक्षि-राज, पु. गरुड़, (त्रि) परिन्दोंका राजा।
पक्ष्मन्, न. नेत्रोंका परदा; पपोटे, पलक, रोंआं, कमलफूल, फूलकी तिरी, परिंदका पर।
पङ्क, पु. न. कर्दम, पाप; कीचड़, गुनाह।
पङ्क-ज, न. पद्म, सारस। कमल फूल। (त्रि) कीचड़या पानीमे जो पैदा हो।
पङ्क-जन्मन्, न. } पद्मिनी,
पङ्क-जिनी, स्त्री. } पुष्करिणी।
पङ्कार, पु. शिवाल, पुल, सीढ़ी, बंद। [ब्राह्मण।
पङ्क्ति-पावन, पु. सारी पङ्क्तिको पवित्र करनेवाला
पङ्किल, त्रि. कीचड़वाला, पु. नाओ, कीचवाली जगह।
पङ्केरुह, त्रि. कमल, सारस। [पृथिवी, गौरव।
पङ्क्ति, स्त्री. पाल, एक छन्दका नाम, दश संख्या,
पङ्क्ति-चर, पु. कुरर पक्षी; कूंज। कुलंग।
पङ्क्ति-दूषण, पु. अपाङ्क्तेय; पङ्क्तिमें बैठनेके अयोग्य।
पङ्क्ति-पावन, त्रि. पंगत की शोभा देनेवाला ब्राह्मण।
पङ्ग, पु. पतंग। परवाना।
पङ्गु, पु. शनीचर-ग्रह, (त्रि) लुंजा। [रसोईन।
पच, त्रि. पाक-कर्ता (स्त्री) (चा) पाचिका रसोईया,
पचन्, पु. सूर्य, अग्नि, इन्द्र, देवराज।
पचन, न. पकाना, रींधना। [हुआ।
पच-मान, त्रि. पाक-कर्ता; पकानेवाला, पकाता
पचम्पचा, स्त्री. दारु-हरिद्रा; हल्दी।
पचेलिम, पु. सूर्य, अग्नि (त्रि) स्वयं पक्व। सूरज, आग, खुदपका हुआ।
पच्छस्, व्य. पाद २ से, क्रम २ से, रफ्ता हर।
पच्य, त्रि. पाकयोग्य। पकाने लायक।
पञ्च, त्रि. संख्याविशेष; पांच।
पञ्चक, पु. पांचोंसे ख़रीदाहुआ, पांचोंका, आधी धनिष्ठा शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद उत्तर भाद्रपद, और रेवती यह पांच नक्षत्र (न) जंगका मैदान।
पञ्च-कषाय, पु. पांच तरहकी कसैली वस्तु। जामन, सिंवल, वटवाल, बकुल और बदर।
पञ्च-कोल, न. चित्रा चिरायता पिप्पली पीपल मूल, और सोंठ, पांच।
पञ्च-गङ्गा, स्त्री. भागीरथी स्रोतमूला कृष्णवेणी, पिनाकिनी, अखंडा और कावेरी।
पञ्च-जन, न. पुरुषविशेष, दैत्यविशेष; जिसकी हड्डीसे श्रीकृष्णजीका शङ्ख बना है (स्त्री) (नी) पांच शख़्स। [जनोंका मालक।
पञ्च-जनीन, पु. भांड, (त्रि) पांच जनोंका, पांच
पञ्च-तत्व, न. पृथिव्यादि पञ्च; १ पृथिवी २ जल ३ तेज ४ वायु ५ आकाश।
पञ्च-तपस्, पु. पंचाग्नि तपनेवाला तपस्वी।
पञ्चता, स्त्री. } स्त्री. पांच तरह, पांचोंका होना, मौत।
पञ्चत्व, न. }

पञ्च-दश, त्रि. पन्द्रह (स्त्री) (शी) पूर्णिमा, वेदान्तका एक ग्रंथ ।

पञ्च-दशन्, त्रि. १५ संख्या । [गुल्हर ।

पञ्च-पल्लव, न. आम्र, पिलखन, पीपल, वड़;

पञ्च-पाण्डव, पु. पाण्डु राजाके पांच पुत्र; युधिष्ठिर, भीम, नकुल, सहदेव, अर्जुन ।

पञ्च-पात्र, न. पांच पात्रोंका समूह, श्राद्धविशेष । दो देवपक्ष और तीन पितृपक्ष ।

पञ्चधा, व्य. पांच प्रकार, पांच वार ।

पञ्चन्, त्रि. पांच ।

पञ्च-नख, पु. हाथी, वाघ, (त्रि) पांच नखवाला । शशक, शलकी गोधा, गण्डार, क्रूर ।

पञ्च-नद, पु. पञ्जावका मुलक (न) किरणा, धूतपापा, सरस्वती, यमुना, गङ्गा यह पांच ।

पञ्च-प्राण, पु. (बहु) प्राणादि पंच वायु । १ प्राण २ अपान, ३ समान ४ उदान ५ व्यान ।

पञ्च-प्रासाद, पु. देवगृहविशेष । पञ्चरत्न ।

पञ्च-भद्र, पु. अश्वविशेष; जिस घोड़ेके छाती पीठ दोनोंपासे और मुखपर रोंमोंके आवर्त हों ।

पञ्चम, त्रि. पांचवां, बहुत ऊंचा स्वर, स्त्री. (मी) तिथिवि०, द्रौपदी ।

पञ्चा-ङ्गुल, पु. एरण्डवृक्ष (त्रि) पांच उंगलीभर ।

पञ्च-शस्य, न. १ धान २ मोंग ३ भाष ४ जो ५ कोदो यह पांच अनाज ।

पञ्च-शाख, पु. हाथ (त्रि) पांच शाखावाला ।

पञ्च-सूना, स्त्री. पञ्च सूना गृहस्थस्य चुल्ली पेषण्युपस्करः। कण्डनी चोदकुम्भश्च । १ चूल्हा २ चक्की ३ झाड़ू ४ ऊखल ५ घड़ोंजी ।

पञ्चा-ङ्ग, न. पेड़का छिलका २ पत्ता ३ फल ४ फूल ५ जड़ । तिथि वार नक्षत्र योग करण यह पांच । प्रयोगमे १ जप २ होम ३ तर्पण ४ अभिषेक ५ ब्राह्मणभोजन यह पांच, एक प्रकारका घोड़ा । राज्यमे साध्यसानधके उपाय; काल देशवि०, प्रेम, आपत्प्रतीकार ।

पञ्चा-ग्नि, पु. (बहु) चार पासे चार अग्नियें. और ऊपर सूर्य, १ दक्षिण २ गार्हपत्य ३ आवसथ्य ४ सभ्य ५ आहवनीय ।

पञ्चाङ्ग, पु. १ सहाय २ साधनोपाय ३ देशकालज्ञान, ४ विपदाप्रतीकार ५ सिद्धि १ पत्ता २ फूल ३ फल ४ त्वचा ५ जड़ यह, १ तिथि २ वार ३ नक्षत्र ४ योग । ५ करण । जप होम तर्पण स्नान ब्रह्म भोज यह । पु. कछुआ ।

पञ्चाङ्गुल, पु. एरण्ड वृक्ष (त्रि) पांच उंगली भर ।

पञ्चा-मृत, न. १ दुग्धं च २ शर्करा चैव घृतं-दधि तथामधु; दूध, खंड, घी दही, और शहद यह पांच । [रागिनी ।

पञ्चाली, पु. देशविशेष (स्त्री) (ली) (लिका) पुतली,

पञ्चा-शत, त्रि. संख्याविशेष; पचास ।

पञ्चास्य, पु. शिव, सिंह ।

पञ्चे-न्द्रिय, न. श्रोत्र त्वक् चक्षु जिव्हा घ्राण । वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ । हवास नातका, हवास खमसा ।

पञ्चेषु, पु. कन्दर्प । कामदेव ।

प (पि)ञ्जर, पु. न. शरीरास्थिवृन्द ।

पञ्जि (ञ्जी), स्त्री. सूत्र साधन तालिका, पत्रिका; सूतकीआटी, या गोली, ऊरी, अंटेरणी, जन्तरी ।

पट, त्रि. वस्त्र (टी) कनात ।

पट-कार, पु, तन्तुवाय; तांती ।

पट-कुटी, स्त्री. पटमय गृह । खेमा ।

पट-चर, न. जीर्ण वस्त्र (पु) चोर ।

पट-मण्डप, पु. तंबू ।

पटल, न. छदि, नेत्ररोग, पिटक, परिच्छद, तिलक, फलवि०, (न. स.) समूह, (पु) ग्रन्थ, वृक्ष, वृत्त । पर्दा, आंखकी बीमारी, पिटारी, पौशाक, टीका, मजमह पोथी, दरखत, दायरा ।

पट्टिश (श), पु. एक प्रकारका अस्त्र । जवर ।

पण्डित, पु. विद्वान्, निपुण, शास्त्रज्ञ । आलिम, समजदार ।

पण्डित-मन्य, **पण्डित-मानिन्**, } त्रि. पडिताभिमानी । जो हकीकतमें पण्डित नहीं और मान बैठा है । [बैठै ।

पण्डितायमान, त्रि. जो पण्डित नहीं और मानं

पण्य, त्रि. विक्रेय । वेचनेके योग्य ।

पण्य-वीथिका, **पण्य-वीथी**, } स्त्री. विपणि; हाट, दुकान ।

पण्य-स्त्री, स्त्री. वाराङ्गना, वेश्या । कंचनी ।

पण्या-जीव, पु. वणिया, पक्षी ।

पत-ग, पतङ्ग, पतङ्गम, पु. शलभ, सूर्य, पक्षी, शर, शालिविशेष । मकड़ी, तीर, एक किसमके धान ।

पतङ्गिका, स्त्री. मधुमक्षिका । शहदकी मक्खी ।

पतञ्जलि, पु. व्याकरण भाष्यकर्ता, योग शास्त्रकर्ता मुनि ।

पतत्, पु. पक्षी (त्रि) गिरनेवाला ।

पतत्र, न. पक्षीका पर ।

पतत्रि, पतत्रिन्, } पु. पक्षी । परिन्द ।

पतन, न. चलन, स्खलन, भ्रंश, पातित्य । गिरना, खिसलना, पाप ।

पतयालु, पु. पतन-शील । गिरनेवाला । [विशेष ।

पताका, स्त्री. ध्वजा, सौभाग्य, चिन्ह, नाटकाङ्ग-

पताकिन्, त्रि. पताकाधारी (पु) रथ (स्त्री) सेना । झंडा बरदार ।

पतापन, त्रि. बारंबार गिरनेवाला ।

पति, पु. भर्ता, रक्षक, प्रभु, नायक । खाविंद, मालक, लीडर । [नेवाली ।

पतिघ्नी, स्त्री. पतिघातिनी स्त्री । खाविंदके मार-

पतित, त्रि. धर्म-भ्रष्ट; गलाहुआ, गिराहुआ ।

पतितोत्पन्न, त्रि. धर्मभ्रष्ट की सन्तान ।

पति-देवता, पतिप्राणा, पतिव्रता, स्त्री. सिवा पतिके और किसीको न माननेवाली ।

पति-बान्धव, पु. सास, सुसर, देवर, ननद, आदि ।

पतिम्बरा, स्त्री. इच्छितभर्ता चाहनेवाली कन्या ।

पति-वत्नी, स्त्री. सधवा । सुहागन ।

पति-व्रता, स्त्री. पतिपरायणा, सती, पतिके दुःखमें दुःखिनी सुखमें सुखिनी, परदेश जानेपर मैली कुचैली, मरने पर मर जानेवाली ।

पतीयन्ती, स्त्री. पतिकामा । पति चाहनेवाली ।

पत्-काषिन्, त्रि. पादचारी । पैदल ।

पत्तन, पु. नगर । शहर ।

पत्ति, पु. पैदल (स्त्री) १ हाथी १ रथ ३ घोड़ा, ५ पैदल इतना । संख्या बलीसेना ।

पत्नी, स्त्री. भार्या । जोरू ।

पत्र, न. पाता, वाहन, शकट, पक्ष, तीरका पर, (स्त्री) (श्री) चिट्ठी, असवारी ।

पत्र-दारक, पु. करपत्र । आरा ।

पत्र-रथ, पु. पक्षी, बाण । परिंदा, तीर ।

पत्र-पुष्प, पु. रक्ततुलसी ।

पत्र-लता, स्त्री. पत्रावलीरचना, तिलक आदि ।

पत्र वेष्ट, पु. ताटङ्क, भूषणविशेष । कानका तंदौड़ा । [रक्तचन्दन ।

पत्रा-ङ्ग, पु. भूर्ज-पत्र, रक्तचन्दन । भोजपत्ता, सु-

पत्रिन्, पु. पक्षी, बाण, पर्वत, रथ, तालवृक्ष (त्रि) पत्रविशिष्ट । परिन्द, तीर, पहाड ।

पत्री (त्रिका), स्त्री. लिपि; चिट्ठी ।

पत्रोर्ण, न. रेशमी वस्त्र, पु. वृक्षविशेष ।

पथ, पु. रास्ता, उपाय । तरीका, तजवीज़ ।

पथिक, त्रि. घूमनेवाला, पु. मुसाफर, परदेसी ।

पथिन्, पु. पथ, स्वभाव, उपाय रीति ।

पथ्य, त्रि. हित, योग्य, रोगीको हितकर भोजन (स्त्री) (ध्या) हरड़ ।

पद, न. चरणचिन्ह, चिन्ह, वाचक शब्द, आधिपत्य, छल, व्यवसाय, वस्तु, अवकाश स्थान, पाद, चतुर्थांश, त्राण, पु. किरण (व्या) सुप्तिङन्त शब्द । पैरका निशान, निशान ।

पद-ग, पु. पदाति, पैदल ।

पदवि (वी), स्त्री. पथ, व्यवसाय, उपनाम । बाट, मेहनत, खिताब, दरजा ।

पदाजि, पदाति, } पु. पादचारी, सैनिक । पैदल, सिपाही ।

पदार्थ, पु. द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष समवाय और अभाव, यह सात, पदका अभिधेय । लफ़्ज़के मअ़ने ।

पदिक, पद्-ग, } पु. पदाति । पैदल ।

पद्धति (ती), स्त्री. पथ; श्रेणि, रेखा, प्रवाह, रीति, आचार, ग्रंथरचना, पदवी, । तरीकह ।

पद्म, पु. न. कमल, निधिविशेष, संख्याविशेष, व्यूहविशेष, हाथीके माथे और सूंडपके श्वेत चिन्ह, तन्त्रशास्त्रमे देहमेका एक चक्र (पु) सर्पविशेष ।

पद्मक, न. हाथीके माथे परके चित्र, बिंदु, चिन्ह ।

पद्म-नाभ, पु. विष्णु ।

पद्म-बन्ध, पु. शब्दालङ्कारविशेष ।

पद्म-बन्धु, पु. सूर्य, भ्रमर । आफ़ताब, भारा ।

पद्म-भू, पद्म-योनि, पु. ब्रह्मा । कमल फूलसे उत्पन्न ।

पद्म-राग, पु. रक्तवर्ण मणिविशेष । चूनी, पुखराज, पन्ना ।

पद्म-लाञ्छन, पु. राजा, ब्रह्मा, सूर्य, कुबेर, (स्त्री) (ना) लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा ।

पद्म-वासा, स्त्री. लक्ष्मी । दौलतकी देवी ।

पद्मा, स्त्री. लक्ष्मी, मनसादेवी, नदीविशेष ।

पद्मालया, स्त्री. लक्ष्मी ।

पद्मावती, स्त्री. मनसादेवी, नदीविशेष ।

पद्मा-सन, न. आसनविशेष, योगका एक आसन ।

पद्मिन्, पु. हस्ती, (त्रि) पद्मवाला, (स्त्री) (नी) कमलिनी, सुलक्षणवाली स्त्री ।

पद्मिनी-कान्त, पद्मिनी-वल्लभ, पु. सूर्य । आफ़ताब ।

पद्मेशय, पु. विष्णु, भगवान् ।

पद्मोद्भव, पु. ब्रह्मा, पितामह ।

पद्य, न. छन्दयुक्त चतुष्पाद वाक्य, श्लोक (पु) शूद्र, (स्त्री) (था) रोगविशेष ।

पनस, पु. स कपिविशेष, (पु) वृक्षवि०, काँटा, (न) पनसका फल, (स्त्री) एक रोग ।

पनायित (पनित), त्रि. स्तुत, वर्णित । तअरीफ़ किया हुआ, बयान किया हुआ ।

पन्न, त्रि. च्युत, गलित, अधोमुख । गिरा हुआ, गला हुआ, नीचे मुखवाला ।

पन्न-ग, पु. सर्प, (स्त्री) (गी) सांपनी ।

पन्नगारि, पन्न-गाशन, पु. गरुड़ (त्रि) जो सांपको खाजाय ।

पम्पा, स्त्री. नदीविशेष, सरोवरविशेष । सरयू ।

पयस्, न. दुग्ध, जल । दूध, पानी । [भिक्षा ।

पयस्य, त्रि. दुग्ध से बनी हुई (स्त्री) (स्या) आ-

पयस्विनी, स्त्री. दुग्धवती गौः दूध देनेवाली गाय ।

पयो-ज, न. पद्मपुष्प; कमलफूल ।

पयो-द, पु. मेघ; बादल ।

पयो-धर, पु. मेघ, स्त्रीके स्तन, नारियेल ।

पयोधि, पयो-निधि, पु. समुद्र । बहर ।

पयो-मुच्, पु. मेघ; बादल ।

पर, त्रि. अन्य, भिन्न । दूसरा, दूर, उत्तम, प्रधान, अच्छा, अधिक, (न) मोक्ष, पु. परमात्मा, शत्रु ।

परःशत, त्रि. शताधिक संख्यक (न) शताधिक संख्या । सौसे ज्यादह । सौसे ज्यादह तादाद ।

परःश्वस्, व्य. आगामी दिनसे परला दिनरसों ।

परःसहस्र, त्रि. सहस्राधिकसंख्य, (न) सहस्राधिक संख्या, हज़ारसे ज्यादह । हजारसे ज्यादह तादाद ।

परकीय, त्रि. परसम्बन्धीय (स्त्री) (या) खानूदा, खानुरक्ता स्त्री; पराया, दूसरेमें मुहब्बत रखनेवाली स्त्री ।

पर-छन्द, पर-छन्दानु-वर्तिन्, पर-तन्त्र, त्रि. पराधीन । मातहत । [जहानमें ।

पर-त्र, व्य. पर काले, परलोके । और वकत, दूसरे

परत्व, न. गुणविशेष । न्यायके २४ गुणोंमें से १०वां ।

पर-न्तप, त्रि. शत्रु-तापन । दुश्मनके सतानेवाला ।

परन्तु, व्य. किन्तु, अपरञ्च । लेकिन, औरभी ।

पर-पिण्डाद, त्रि. परान्न-भोजी; पराये अन्नपर गुज़ारा करनेवाला ।

पर-पुष्ट, त्रि. अन्यपुष्ट (पु. स.) (ष्टा) कोकिल (स्त्री) वेदया । दूसरोंसे परवरिश याफ़ह ।

